RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 70 | SATURDAY DATE 04-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

करते रहते हैं सदा, नेता बड़े कमाल।
देते ज़िम्मेदारियां, इक-दूजे पर टाल।
इक-दूजे पर टाल, चतुर होता है नेता।
खुद ले पल्ला झाड़, नाम दूजे का लेता।
कह साहिल कविराय, फूल हैं मुख से झरते।
सचमुच बड़े कमाल, सदा नेतागण करते।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## राघव चड्ढा विवाद पर आप का करारा जवाब

# डरने वालों की नहीं है जगह

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।



राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने सदन में डिप्टी लीडर पद से हटाए जाने पर पहली बार खुलकर बोला और अपनी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद आम आदमी पार्टी के कई नेता पार्टी के बचाव में उतरे हैं।ह्यआपह्न पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने पलटवार करते हुए राघव चड्ढा पर पार्टी लाइन से हटकर मुद्दे उठाने और अहम मुद्दों पर चुप्पी साधने के आरोप लगाए।

सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कहा, 'राघव भाई, अभी आपका वीडियो देखा। हम सब लोग अरविंद केजरीवाल के सिपाही हैं। हमने सिर्फ एक ही बात सीखी थी कि ह्यजो डर गया, समझो मर गयाह्न। हम सबको सरकार की आंख में आंख डालकर लोगों के मुद्दे उठाने थे।'

उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने देखा कि जो भी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार के खिलाफ सवाल उठाता है, सरकार उसे डिक्टेटर की तरह सोशल मीडिया पर बैन कर रही है।एफआईआर दर्ज कराई जाती है।

उन्होंने आगे कहा, 'सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि कोई संसद में अपना सॉफ्ट पीआर करे।संसद में एक छोटी सी पार्टी का बोलने का एक सीमित समय होता है।

उसमें अगर कोई समोसे की बात उठा रहा है तो उससे जरूरी है कि किसी बड़े मुद्दे को उठाया जाए।पूरे देश में हमने देखा, चुनाव से पहले सही लोगों के वोट काटे जाते हैं और फर्जी वोटर बनाकर, सिस्टम पर कब्जा करके सरकार चुनाव जीत रही है।' राघव चड्ढा को जवाब देते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'अभी पश्चिम बंगाल में भी यही हो रहा है।सभी विपक्षी दलों ने सीईसी के खिलाफ एक प्रस्ताव लाने की कोशिश की, जिस पर आपने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। जब भी कोई मुद्दा हो, जिस पर विपक्ष वॉकआउट करता है, आप वॉकआउट नहीं करते हैं। पिछले कई अरसे से मैंने देखा कि आपने कोई ऐसा मुद्दा सदन में नहीं उठाया, जिसमें आपने सरकार से सवाल किए हों। ऐसे डरकर राजनीति कैसे होगी।'

# जमीन से स्पेस तक ताकत बढ़ाने पर जोर: राजनाथ

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।



आज जब हम डिफेंस सेक्टर की बात करते हैं तो यह साफ दिखाई देता है कि आत्मनिर्भरता के अलावा हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। यह बात शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हमें अपनी सुरक्षा को केवल जमीन, समुद्र और हवा तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि स्पेस, साइबर स्पेस और आर्थिक डोमेन तक भी मजबूत करना है।इसी सोच के साथ, कई बड़े नीतिगत निर्णय लिए गए हैं, जिनका असर आज धरातल पर दिख रहा है। विशाखापत्तनम में मौजूद रहे रक्षामंत्री का कहना था कि पर्शियन गल्फ हो या मलक्का स्ट्रेट हमारी नौसेना लगातार हिंद महासागर में अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। जब भी कोई संकट आता है, चाहे बचाव ऑपरेशन हों या मानवीय सहायता प्रदान करना हो, हमारी नौसेना हमेशा सबसे आगे रहती है। रक्षामंत्री ने स्पष्ट किया है कि हमें केवल अपने तटों की सुरक्षा तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि उन महत्वपूर्ण समुद्री लेन, चोक प्वाइंट्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की भी सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, जो हमारे राष्ट्रीय हितों से जुड़े हैं।

उन्होंने कहा कि कि भारतीय नौसेना इन सब सुरक्षा कार्यों में प्रो-एक्टिव तरीके से कार्य कर रही है। रक्षामंत्री ने बताया कि जब भी तनाव की स्थिति बनी है तब भारतीय नौसेना ने हमारे व्यावसायिक समुद्री जहाजों और तेल टैंकर्स की सुरक्षा सुनिश्चित की है।नौसेना ने यह साबित किया है कि वह न केवल भारत के हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर दुनिया भर में, अपने नागरिकों और व्यापारिक मार्गों को सुरक्षित रखने के लिए, हर कदम उठा सकती है। यह क्षमता ही भारत को एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति बनाती है।

रक्षामंत्री ने भारत की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने डिफेंस पीएसयू के योगदान को काफी सकारात्मक बताया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास 16 डिफेंस पीएसयू हैं, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के केंद्र हैं। आज के इस टेक्नोलॉजिकल युग में तो डिफेंस पीएसयू अच्छा कर ही रहे हैं, लेकिन जब एक राष्ट्र के रूप में, हम कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे थे, तब भी हमारे डिफेंस पीएसयू ने, आगे बढ़कर नेतृत्व किया था। राजनाथ ने कहा कि पिछले एक दशक में देश ने एक बड़ा बदलाव महसूस किया है। सरकार ने युवाओं और उद्योगों के लिए ऐसा इकोसिस्टम तैयार करने की कोशिश की है, जहां नवाचार, निर्माण और निर्यात को लगातार बढ़ावा मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग को एक राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाया गया है।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पटपड़गंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई, कुछ ही घंटों में आरोपी गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

दिल्ली की पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया (पीआईए) थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्नैचिंग के एक मामले को बहुत ही कम समय में सुलझा लिया। इस मामले में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। घटना 1 अप्रैल की सुबह करीब 4:30 बजे की है। शिकायतकर्ता धर्मेंद्र अपनी ड्यूटी खत्म करके घर लौट रहा था। जब वह गाजीपुर गांव के पास जीबीएसएस स्कूल, गौशाला वाली गली के पास पहुंचा, तभी तीन अज्ञात युवक एक स्कूटी पर सवार होकर उसके पास आए।





पीछे बैठे युवक ने अचानक उनका मोबाइल फोन छीन लिया और तीनों आरोपी तेज रफ्तार में वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया में मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम बनाई गई, जो एसएचओ के नेतृत्व और एसीपी मधु विहार के मार्गदर्शन में काम कर रही थी। टीम में हेड कांस्टेबल हर्षित, सुनील शर्मा, मणि राम और अनिल भाटी शामिल थे। जांच के दौरान पुलिस टीम ने मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला। अलग-अलग रास्तों और संभावित भागने के रूट को ध्यान में रखते हुए कई कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी गई। साथ ही तकनीकी निगरानी और लोकल इंटेलिजेंस का भी सहारा लिया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने एक आरोपी की पहचान कर ली।

पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने राधू पैलेस जेजे क्लस्टर इलाके में छापा मारा, जहां से आरोपी इरफान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की।

## केजरीवाल के साथ केवल रीढ़विहीन और कमीशनखोर लोग ही रह सकते हैं: कपिल मिश्रा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**



आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाए जाने के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और उनकी पार्टी के साथ केवल रीढ़विहीन कमीशनखोर भ्रष्टाचारी कीड़े ही रह सकते हैं।

राघव चड्ढा के बयान पर दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, ' यह तो लूट के माल को लेकर आपस की लड़ाई है। पहले दिल्ली और फिर पंजाब को लूटा और अब चोरों में आपस में माल के बंटवारे की ही लड़ाई शुरू हो चुकी है। कहानी बस इतनी है कि अगर किसी के मुंह में जुबान है और पीठ में रीढ़ है तो वह व्यक्ति केजरीवाल के साथ नहीं रह सकता।

केजरीवाल के साथ रीढ़ विहीन कमीशन खोर भ्रष्टाचारी कीड़े रह सकते हैं। अगर किसी के अंदर सत्य की आत्मा बची हुई है तो वह केजरीवाल के साथ नहीं रह सकता ह्लह्ल

उन्होंने राघव चड्ढा से कहा, ' मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि अगर आप वहां से बाहर आ रहे हैं, तो जनता को सच बताओ। अपनी पर्सनल पीड़ा बताने से कुछ नहीं होगा। दिल्ली को जो लूटा गया और शराब का गंदा खेल खेला गया है, उसके बारे में बताओ। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ जो सेटिंग की है, उसके बारे में बताओ। पंजाब में ड्रग्स और भ्रष्टाचार का जो खेल खेला जा रहा है और जनता को धोखा दिया जा रहा है, उसके बारे में बताओ। अगर आपको सच दिख गया है, तो आप बाहर आकर जनता के मुद्दे की बात करो। दिल्ली और पंजाब के साथ जो छल किया गया था, उसके बारे में बात करो। उसकी प्रतीक्षा जनता को है ह्ल

इससे पहले राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाए जाने को लेकर कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्यह्लआम आदमी के नाम पर लूटा फिर माल के बंटवारे में आपस में लड़ पड़े कहानी बस इतनी है, जिसके मुंह में जुबान और पीठ में रीढ़ है उनका केजरीवाल के यहां टिकना असंभव, केजरीवाल के साथ केवल रीढ़ विहीन कमीशन खोर भ्रष्टाचारी कीड़े रह सकते है ह्ल

# 'दिल्ली में चरस तस्करी रैकेट का पदार्फाश, दो गिरफ्तार'

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**



दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने नशीले पदार्थों की अंतर-राज्यीय तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 1.436 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता की चरस (मलाणा क्रीम) बरामद की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई ह्यनशा मुक्त दिल्लीह्न अभियान के तहत की गई, जिसमें क्राइम ब्रांच की टीम ने बेहतरीन कार्य किया। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 लाख रुपये आंकी गई है। यह खेप हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मलाना गांव से लाई गई थी और इसे मुंबई में पहुंचाया जाना था।

19 मार्च 2026 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हिमाचल प्रदेश का रहने वाला ओम चंद उर्फ ओमु दिल्ली में चरस की सप्लाई कर रहा है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर रॉबिन त्यागी के नेतृत्व में और एसीपी/एआरएससी संजय कुमार नागपाल के कड़े पर्यवेक्षण में एक टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने पहले दिल्ली के जीटी करनाल बाईपास और आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर जाल बिछाया, लेकिन आरोपी वहां से भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने लगातार निगरानी रखी और नाटकीय मोड़ में हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर महाराष्ट्र संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के जनरल कोच से ट्रेन के रवाना होने से कुछ ही पल पहले ओम चंद उर्फ ओमु और उसके साथी प्यारे सिंह को पकड़ लिया।

अभियान के दौरान उनके पास से कुल 1.436 किलोग्राम चरस बरामद हुई। जांच में यह पता चला कि चरस हिमाचल प्रदेश के मलाना गांव के नोलू राम से ली गई थी। पुलिस ने नोलू राम के घर पर छापा मारा। लेकिन, उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका क्योंकि वह फरार हो गया।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि मुंबई में चरस की काफी मांग है, खासकर पार्टी और इवेंट्स के लिए। उन्होंने बताया कि उन्हें यह नशीला पदार्थ मुंबई के ग्राहकों तक पहुंचाने का काम सौंपा गया था। पुलिस अब इस नेटवर्क के बाकी हिस्सों का पता लगाने और अन्य शामिल व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के लिए आगे की जांच कर रही है।

ओम चंद उर्फ ओमु शादीशुदा है और उसने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह हिमाचल प्रदेश में एक प्राइवेट टैक्सी चलाता है। प्यारे सिंह भी 12वीं कक्षा तक पढ़ा है और ओमु का चचेरा भाई है। दोनों एक ही गांव से संबंधित हैं। इस कार्रवाई से दिल्ली में नशीले पदार्थों की अंतर-राज्यीय तस्करी पर बड़ा झटका लगा है और पुलिस ने दिखा दिया कि त्वरित कार्रवाई, सतर्कता और रणनीतिक योजना से अपराधियों को दबोचा जा सकता है। बरामद चरस और गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क का गहराई से अध्ययन कर रही है, ताकि इसके अन्य सदस्य भी जल्द पकड़े जा सकें। क्राइम ब्रांच में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20/29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारती एयरटेल के हुए 85 करोड़ ग्राहक एयरटेल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बनी

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 03 अप्रैल। देश की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने अपने समूचे वैश्विक बाजारों में ग्राहकों की संख्या 65 करोड़ से अधिक कर ली है ! इसी के साथ वह दुनिया भर में ग्राहकों की संख्या के लिहाज से दूसरे स्थान पर पहुंच गई है ! सुनील मित्तल परिवर्तित इस कंपनी ने बताया कि जीएसएमए इंटेलिजेंस के अनुसार मोबाइल ग्राहकों के आधार पर भारती एयरटेल वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है ! कंपनी का परिचालन भारत और अफ्रीका तक फैला हुआ है ! इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए भारती एयरटेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गोपाल विट्ठल ने कहा 65 करोड़ ग्राहकों की यह उपलब्धि हासिल करके दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी परिचालन बन जाना हमारे लिए बड़ी जिम्मेदारी है हम हर दिन अपने ग्राहकों को और बेहतर सेवा दे यही वजह है कि हम अत्यधिक तकनीक में निवेश कर रहे हैं ! ताकि न केवल कनेक्टिविटी उपलब्ध करा सके बल्कि सुरक्षित नेटवर्क भी उपलब्ध करा सके ! उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य स्पष्ट है जैसे-जैसे हम अपनी उपस्थिति को मजबूत और विस्तृत करेंगे, हम नवाचार विश्वसनीयता और अनुभव के मामलों में नए मापदंड स्थापित करने का प्रयास करेंगे !

### कमरे से आई दुर्गंध, दरवाजा तोड़ा तो लटका मिला शव

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में किराये पर रहने वाले चेतन कुमार (24)का शव फंदे पर लटका मिला। बृहस्पतिवार सुबह कमरे से दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने पुलिस को बुलाया। दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुई पुलिस को फंदे पर शव लटका मिला।। शव तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद। नंदग्राम थाना क्षेत्र में किराये पर रहने वाले चेतन कुमार (24)का शव फंदे पर लटका मिला। बृहस्पतिवार सुबह कमरे से दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने पुलिस को बुलाया। दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुई पुलिस को फंदे पर शव लटका मिला।। शव तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। चेतन कुमार मूल रूप से बाराजारी, थाना विवेकानगर, जनपद अहमदाबाद, गुजरात का निवासी है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने कुछ सैंपल लिए और जांच पड़ताल की।



## जग ज्योति दरबार में चल रहे दो दिवसीय सालाना मेले का हुआ समापन

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, 3 अप्रैल : जग ज्योति दरबार में दो दिन से चल रहे भव्य चैत्र पूर्णिमा सालाना मेले का समापन हो गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से समाज सेवा एवं जनकल्याण की भावना से देश के महान साधु संतों के सान्निध्य में जग ज्योति दरबार में चैत्र पूर्णिमा का सालाना मेला आयोजित किया जाता है। विशाल मेले के समापन पर भी संत महापुरुषों एवं महंत राजेंद्र पुरी ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की एवं समाज कल्याण को समर्पित चादर की रस्म अदा की। इस मौके पर दरबार में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के समापन अवसर पर संतों के साथ सत्संग करते हुए महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि क्षमा आत्मा की शुद्धि और प्रेम का सर्वोच्च रूप है। क्षमा केवल शब्द नहीं है, यह एक अनुभव है जो आत्मा की गहराई से निकलता है। उन्होंने कहा कि क्षमा का अभ्यास करना कठिन हो सकता है लेकिन यही हमारी आध्यात्मिक परिपक्वता की पहचान है। श्री भगवद गीता में भी कहा गया है कि क्षमा धर्म का आभूषण है। क्षमा किसी एक धर्म या संस्कृति की नहीं, बल्कि मानवता की आत्मा है।

# ह्यआपह्ल में बोलने वालों की नहीं है जगह, केजरीवाल डरे हुए इंसान: वीरेंद्र सचदेवा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

आम आदमी पार्टी द्वारा राज्यसभा में राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाए जाने और उसके बाद अशोक मित्तल की नियुक्ति पर जमकर बयानबाजी चल रही है। अब दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वहीं भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने भी आप पर तंज कसा है।

आईएएनएस से बातचीत में वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाना पार्टी का अपना निर्णय है। कोई भी पार्टी इस तरह के फैसले लेने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि जिस तरह आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखा है कि राघव चड्ढा को बोलने की अनुमति न दी जाए, यह अलोकतांत्रिक है।



उन्होंने कहा कि सांसद किसी भी पार्टी का हो, उसका नैतिक कर्तव्य होता है कि वह समाज, देश और क्षेत्र की समस्याओं और विचारों को सदन में रखे, लेकिन अरविंद केजरीवाल की तानाशाही है, क्योंकि वह एक डरे हुए इंसान हैं। वह पार्टी के अंदर और बाहर किसी ऐसे इंसान को पसंद नहीं करते हैं, जो बोलने का साहस रखता हो। राघव चड्ढा के मामले में शायद यही हुआ है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को आपराधिक छवि वाले लोग अधिक पसंद हैं। राघव चड्ढा ने ट्वीट किया है, लेकिन मुझे राघव चड्ढा से इतना ही कहना है कि उन्हें समय रहते संभल जाना चाहिए। राघव चड्ढा के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जिंदगी पर बस इतना ही लिख पाया हूं—बहुत मजबूत रिश्ते थे कुछ कमजोर लोगों से।



वहीं शाजिया इल्मी ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की यही राजनीति है। जो उनकी चमचागिरी नहीं करेगा, उसे ऐसे ही बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। संसद में अधिक लोकप्रिय न हों, ज्यादा बोलें नहीं, अपनी बातें न रखें, इसलिए यह सब किया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल को मीडिया में जगह नहीं मिल पा रही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को राघव चड्ढा को लेकर जरूर कोई असुरक्षा है। उन्हें लगता है कि यह आगे निकल रहा है, तो मेरा क्या होगा। यह आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की बातें नहीं करता, यह तो उन्हें नागवार ही गुजरेगा। अरविंद केजरीवाल उन्हीं लोगों को बर्दाश्त करते हैं, जिनका कोई वजूद न हो। राघव चड्ढा पहले कुछ नहीं थे, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने उन्हें प्रमोट किया। अब केजरीवाल को लगने लगा है कि 'मेरी बिल्ली मुझी से म्याऊं।' शाजिया इल्मी ने कहा कि सोचने वाली बात यह है कि राज्यसभा में संजय सिंह को जिम्मेदारी क्यों नहीं दी गई? अशोक मित्तल को क्यों दी गई? क्योंकि अरविंद केजरीवाल जिनसे असुरक्षित महसूस करते हैं, ऐसे लोगों को वे प्रमोट नहीं करते।



## अभय चौटाला के दबाव में बीजेपी को बदला पड़ा अपना फैसला, मंडियों का समय किया गया 24 घंटे : उमेद लोहान

**हरियाणा, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला के दबाव के चलते भाजपा सरकार को अपना फैसला बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। बीजेपी सरकार ने मंडियों का सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक निर्धारित किया था जिसे 24 घंटे करने की मांग इनेलो पार्टी ने उठाई थी। इसके बाद भाजपा सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा और अब फसल खरीद के लिए मंडियां 24 घंटे खुली रहेंगी। यह बात इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने पार्टी के किसान कष्ट निवारण केंद्र के शुभारंभ के मौके पर कही। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में किसान कष्ट निवारण केंद्र खोले गए हैं इसी कड़ी में शुक्रवार को हांसी में पार्टी के किसान कष्ट निवारण केंद्र का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हांसी जिला अध्यक्ष विजय जैन ने की जबकि इनेलो के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यालय के उद्घाटन के उपरांत पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मार्केट कमेटी के अधिकारियों से भी मिले और उन्हें किसानों की समस्याओं से रूबरू करवाया व उनके समाधान की मांग की। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने कहा कि 6 महीने तक गर्मी, सर्दी, धूप, बारिश की परवाह किए बिना किसान अपनी फसल को तैयार करते हैं लेकिन उसी फसल को बेचने के लिए किसानों को दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# सामाजिक व धार्मिक कार्यों से आपसी भाईचारे को मजबूती मिलती है : बजरंग गर्ग





### भंडारा सामाजिक समानता, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है- बजरंग गर्ग

### भजन-कीर्तन व भंडारा सेवाभाव, सामाजिक और एकता का प्रतीक है- बजरंग गर्ग

» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 03 अप्रैल। श्री प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में भव्य भजन समारोह व विशाल भंडारा शिवालय ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में लगाया गया। जिसमें हजारों धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। शिवालय ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में भंडारे का बड़ा महत्व है। भंडारा सामाजिक समानता, एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। जहां सभी वर्ग के लोग एक साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं।

भजन-कीर्तन व भंडारा सेवाभाव, सामाजिक और एकता का प्रतीक है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक कार्यों से आपसी भाईचारे को मजबूती मिलती है। धार्मिक कार्य एकता, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है और नई पीढ़ी युवाओं को नैतिक जिम्मेदारियां सीखने का महत्वपूर्ण जरिया है। यह न केवल सही गलत का बोध करता है बल्कि परंपराओं, संस्कृति और समुदायिक जुड़ाव के माध्यम से समाज को व्यवस्थित भी रखता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि शिवालय मंदिर ट्रस्ट सबसे पुराना प्राचीन मंदिर है। जिसके साथ शहर वासियों की आस्था जुडी हुई है और हर रोज हजारों भक्त मंदिर में पूजा करने आते हैं। हर देवी देवताओं के त्योहार पर शिवालय मंदिर में कार्यक्रम होते हैं। इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, ओमप्रकाश असीजा, रमेश पटवारी, जगत नारायण, भीम महाजन,किशन लाल बगडी, केके वर्मा, सत्यपाल असीजा, राधे कृष्णा गुर्जर, प्रेम कुकरेजा, सत्येंद्र गोयल, गंगा प्रसाद मौर्य, दीपक कुमार, मनीष चावला,जगदीश असीजा, उमेद गुज्जर, श्रीमती उषा गर्ग, अंगूरी देवी, अनीता गर्ग, रेनू पहुंजा, आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।

## बदलते मौसम में लापरवाही करने से बिगड़ सकती है आपकी तबीयत :डॉ. अनेजा

» **परमिंदर सिंह**



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 03 अप्रैल। सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं एडमिनिस्ट्रेटर डॉ आशीष अनेजा ने बताया कि प्रत्येक मौसम के अपने फायदे और नुकसान होते हैं, साथ ही साथ उनसे जुड़ी विशिष्ट बीमारियां भी होती हैं। मौसम बदलने के साथ ही बीमार पड़ने की हमारी प्रवृत्ति भी बदल जाती है। सर्दी-जुकाम, फ्लू, नाक बहना, गले में खराश और अन्य बीमारियाँ मौसमी बदलावों के दौरान सबसे आम हैं, हमें सावधानी बरतनी चाहिए और ऐसी जीवनशैली अपनानी चाहिए जिससे हम बिना बीमार हुए किसी भी मौसम का सामना करने में सक्षम हों । बदलते मौसम में सर्दी, खांसी, फ्लू और संक्रमण का खतरा सबसे अधिक होता है। इससे बचने के लिए अपनी इम्यूनिटी मजबूत रखें, ताजा गर्म भोजन करें, और पानी उबाल कर पिएं। व्यक्तिगत स्वच्छता (हाथ धोना, मास्क पहनना) बनाए रखें और अचानक तापमान बदलने (जैसे अउ से तुरंत धूप में जाना) से बचें।

डॉ. अनेजा ने बताया कि बदलते मौसम में सावधानियां रखे जैसे कि खान-पान में बदलाव, गर्म पानी पिएं और अदरक, हल्दी, शहद का सेवन करें, बाहर के स्ट्रीट फूड से बचें और ताजे फल-सब्जियां खाएं। हाथ नियमित रूप से धोएं और बाहर से आने पर सैनिटाइजर का उपयोग करें। मच्छरों से बचाव और कूलर और गमलों में पानी न जमा होने दें, मच्छरदानी या क्रीम का प्रयोग करें। अपनी दिनचर्या में 7-8 घंटे की अच्छी नींद लें और हल्की एक्सरसाइज करें और बारिश में भीगने से बचें ।अपने दिन की शुरूआत और अंत पर्याप्त मात्रा में पानी, तरल पदार्थ या पेय पदार्थों के साथ करें।

सुबह आप एक चम्मच शहद मिलाकर नींबू पानी पी सकते हैं, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। शरीर में पानी की कमी न होने देने के लिए प्रतिदिन कम से कम दो से तीन लीटर पानी पीना चाहिए। जैसा कि कहावत है, ह्यआप जो खाते हैं वही बनते हैंद्ध स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक भोजन आवश्यक है। पर्याप्त पोषक तत्व प्राप्त करने के लिए मौसमी फलों और सब्जियों को अपने दैनिक आहार में शामिल करें। मौसम परिवर्तन के दौरान पैकेटबंद और तले हुए खाद्य पदार्थों से परहेज करें। चुस्त और सक्रिय रहने के लिए प्रोटीन युक्त भोजन, उबली हुई सब्जियां और जैविक फल खाना बेहतर है।

## पुलिस ने डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के विरुद्ध किया, जागरूक

» **निर्मल सिंह**

**पानीपत, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के कुशल नेतृत्व में पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने समालखा के वार्ड नंबर 17 व लोढा बस्ती मनाना में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

पुलिस टीम ने इस दौरान वार्ड व बस्ती में घर घर जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें बताया कि नशे की लत धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लेती है, जिससे उसका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके साथ ही आर्थिक स्थिति भी कमजोर हो जाती है, जिससे परिवार



को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। नशा व्यक्ति की सोचने और निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर कर देता है, जिससे वह गलत रास्तों की ओर अग्रसर हो जाता है।

टीम ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उनके साथ नियमित संवाद बनाए रखें। बच्चों को सही दिशा देने में परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि समय रहते सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो युवाओं को नशे जैसी बुराई से बचाया जा सकता है।

अभियान के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि उन्हें नशा तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत (मानस ) टोल फ्री नंबर 1933 या अपने नजदीकी पुलिस थाना में इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# जनता के हित में रेडी रेकनर दर वृद्धि खारिज, महाराष्ट्र में 12 से 14 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की थी संभावना

### महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे का स्पष्टीकरण

» **दिनेश मौदगिल**

मुंबई, यूटर्न/ 03 अप्रैल। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और युद्ध जैसे हालात को ध्यान में रखते हुए आम जनता के हित में संपत्ति के रेडी रेकनर दरों में प्रस्तावित 12 से 14 प्रतिशत की वृद्धि को महाराष्ट्र सरकार ने खारिज कर दिया है। यह जानकारी महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने दी। उन्होंने बताया कि मुंबई, पुणे, ठाणे, नागपुर और संभाजीनगर जैसे महानगरों में अब माइक्रो जोनिंग लागू की जाएगी। इससे प्रत्येक संपत्ति का मूल्य उस क्षेत्र की सुविधाओं के आधार पर तय होगा। विकास योजना (उद्ध) और प्रादेशिक योजनाओं में बदलाव के अनुसार दरों को अधिक तर्कसंगत बनाया गया है।

**1500 वर्ग फुट तक के निर्माण होंगे वैध**

राज्य सरकार ने अतिक्रमण के मुद्दे पर बड़ा निर्णय लेते हुए 1 जनवरी 2011 से पहले बने 1500 वर्ग फुट तक के आवासीय निर्माण को नियमित करने का फैसला लिया है। पहले यह सीमा 500 वर्ग फुट थी। इसके लिए संबंधित व्यक्ति का महाराष्ट्र का निवासी होना और 2011 की मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक होगा। इससे अधिक क्षेत्र के अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी। भूमि अभिलेख विभाग द्वारा ह्यवर्जन 2द्ध सॉफ्टवेयर लॉन्च किया जा रहा है, जिससे जमीन माप की प्रक्रिया सरल होगी। अब प्रति हिस्से के लिए मात्र 200 रुपये में माप संभव होगा और कुल खर्च लगभग 1000 रुपये तक सीमित रहेगा। सभी डेटा को आई-क्लाउड पर सुरक्षित रखा जाएगा और प्रक्रिया का समय भी कम होगा।

सरकार ने प्रशासनिक अधिकारों का विकेंद्रीकरण करते हुए जिलाधिकारी को 10 लाख, संभागीय आयुक्त को 20 लाख और 1 करोड़ तक के मामलों का निपटारा स्थानीय स्तर पर करने का अधिकार दिया है। साथ ही राजस्व से जुड़े अर्ध-न्यायिक मामलों का निपटारा 90 दिनों के भीतर और अधिकतम दो सुनवाई में करना अनिवार्य किया गया है।

# 'विकसित भारत 2047 की राह पर तेज विकास : रणबीर गंगवा'

### कहा, आमजन की समस्याओं का समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

» **हरियाणा, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

सुशासन और जनसेवा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ करते हुए लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा शुक्रवार को हिसार स्थित अपने निवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें रखी।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित



समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास, आधुनिक आधारभूत संरचना, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था और बेहतर जनसेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण, पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ कार्य करते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और सरकार की जनसेवा की भावना को धरातल पर उतारते हुए कार्य करें। वर्तमान सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता एवं विकास की नई मिसाल स्थापित की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोनी में सील की गईं नौ और फैक्टरियां

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** पिछले दिनों एक सर्वे में लोनी न केवल देश बल्कि विश्व का सबसे प्रदूषित क्षेत्र में शामिल होने के बाद से अधिकारियों ने प्रदूषण कारकों पर कार्रवाई तेज कर दी है। 13 दिनों से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रतिदिन लोनी क्षेत्र में अवैध फैक्टरियों के खिलाफ अभियान चला रहा है। बृहस्पतिवार को लोनी के कई गांव में संचालित 9 अवैध फैक्टरियों को सील कर विद्युत कनेक्शन कटवाए गए है। नायब तहसीलदार रति गुप्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को देहात क्षेत्र के फरुखनगर, भनेड़ा खुर्द, असालतपुर और महमूदपुर गांव में प्रदूषण फैलाने वाली तार छीलने वाली और तेजाब की फैक्टरियों पर कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने नौ फैक्टरियों के बिजली कनेक्शन भी कटवाए हैं। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि बीते दिनों में करीब 100 अवैध फैक्टरियां सील की जा चुकी हैं। सभी फैक्टरियां आवासीय इलाके में अवैध तौर पर ढलाई, तार जलाने और छपाई का काम कर रही थी।

### प्रोफेसर नितिन हत्याकांड के दो और हत्यारोपी गिरफ्तार, कई हिरासत में

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के फर्रूखनगर क्षेत्र में प्रोफेसर नितिन कुमार की हत्या के आरोपी आसिफ अली और साजन भी पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम को गिरफ्तार कर लिया। इनके अलावा दूसरी कार और उसमें सवार चार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। वहीं, कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उधर, लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने भी गाजियाबाद कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ को पत्र लिखकर आरोपियों पर इनाम और एनकाउंटर की मांग की है। लोनी के गीतांजलि विहार निवासी नितिन कुमार (32) की उन्हीं के ससुर मेहरदीन ने अपने भाइयों के साथ मिलकर 30 मार्च की रात हत्या कर दी थी। वारदात को तब अंजाम दिया गया जब आपसी कलह के बाद मुस्कान नाराज होकर लोनी के बेहटा निवासी अपनी बुआ के घर चली गई थी। इसका फायदा उठाकर आरोपियों ने नितिन कुमार और उनके भाई अमित कुमार को बुलाया। इसके बाद रास्ते में ही नितिन कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस अब तक मुख्यारोपी मेहरदीन, शेरदिल, आसिफ अली और साजन को गिरफ्तार कर चुकी है।

# दिल्ली के महरौली से ड्रग तस्करी में नाइजीरिया का नागरिक गिरफ्तार, 10 करोड़ की कोकीन जब्त

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

दक्षिण जिला की स्पेशल स्टाफ टीम ने ऑपरेशन कवच 13.0 के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने उच्च गुणवत्ता वाली 1.031 किलो कोकीन जब्त की और इस ड्रग सप्लाई सिंडिकेट का मुख्य सदस्य को धर दबोचा। जब्त की गई कोकीन की बाजार कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। आरोपी एक नाइजीरियन नागरिक है, जो दक्षिण और दक्षिण-पूर्व दिल्ली में कोकीन की सप्लाई करता था और उसका नेटवर्क काफी बड़ा था। आरोपी का नाम जॉन चिबुइके (35 साल) है। वह मेहरौली के इस्लाम कॉलोनी में रहता है। जॉन पहले भी 2022 में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामले में




शामिल था।

ऑपरेशन कवच 13.0 के दौरान स्पेशल स्टाफ ने आरोपी जॉन चिबुइके को इस्लाम कॉलोनी स्थित उसके घर में घेरकर पकड़ा। टीम ने मैनुअल और तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपी को ट्रैक किया और उसके घर में रेड कर 1.031 किलो कोकीन जब्त कर ली। ऑपरेशन की टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर अनुज कुमार (आईसी/स्पेशल स्टाफ) ने किया और एसीपी अभिनेन्द्र जैन की देखरेख में यह कार्रवाई हुई। टीम में एसआई अमित ग्रेवाल, एसआई मनीश फोगाट, एचसी अक्षय, एचसी राकेश, एचसी संतवीर, एचसी मनीष, कॉन्सटेबल अंकित और कॉन्सटेबल सुरेन्द्र शामिल थे। यह कार्रवाई ड्रग सप्लाई चेन को काफी बड़ा झटका देने वाली है। आरोपी को पकड़ने के साथ ही मेहरौली थाने में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच अभी भी जारी है और स्पेशल स्टाफ पूरे सिंडिकेट को तोड़ने की कोशिश कर रही है। सप्लाई चैन के अन्य सदस्य, अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय लिंक भी ट्रेस किए जा रहे हैं। ऑपरेशन कवच 13.0 के तहत दक्षिण जिला पुलिस लगातार नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और इस तरह की बड़ी सफलता से नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है।

## अन्ना आंदोलन के साथी अब केजरीवाल के खिलाफ : तरुण चुघ

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तरुण चुघ ने शुक्रवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए दोहरे चेहरे की राजनीति, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता जवाब मांग रही है। तरुण चुघ ने कहा कि जो लोग कभी अन्ना हजारे के आंदोलन से जुड़े थे और बदलाव की राजनीति के नाम पर अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हुए थे, आज वही लोग उनके खिलाफ खड़े नजर आ रहे हैं। कुमार विश्वास, स्वाति मालीवाल, किरण बेदी, प्रशांत भूषण और आशुतोष जैसे नामों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक लंबी सूची है, जो कथित तौर पर पार्टी का असल चेहरा सामने आने के बाद अलग हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि आप का चेहरा लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रीय शक्तियों के विरोध का चेहरा बन गया है। चुघ ने कहा कि पार्टी पर लूट, भ्रष्टाचार, जालसाजी और उगाही जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग पहले लाल



बत्ती और विशेष सुविधाओं का विरोध करते थे, आज वही लोग जेल में भी रेड कारपेट चाहते हैं और विपश्यना जैसे कार्यक्रमों में भी गाड़ियों का काफिला मांगते हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पंजाब के संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के विमान का इस्तेमाल गोवा और गुजरात जैसे राज्यों के दौरे के लिए किया जा रहा है, जिससे पंजाब की जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है। उन्होंने तथाकथित 'शीश महल' पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि करोड़ों रुपये के इंटीरियर से आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी का अंतर साफ दिखाई देता है।

## साबिर का खुलासा : भारत में स्लीपर सेल तैयार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** दिल्ली के गाजीपुर से पकड़े गए लश्कर हैंडलर साबिर अहमद लोन उर्फ राजा उर्फ आदिल डाक्टर ने दिल्ली, गुरुग्राम और जम्मू कश्मीर में 8 से 10 स्लीपर सेल/लड़ाके तैयार कर लिए थे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जब देशविरोधी और पाकिस्तान समर्थित नारे लिखने के बाद आतंकी संगठन और पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई को लगता था कि लोन भारत में कुछ भी करवा सकता है तो इसे भारत में आतंकी वारदातों के टारगेट देने लग गए थे। ऐसे में इन स्लीपर सेल से संपर्क करने ये दिल्ली आया था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी बांग्लादेश जाने से पहले गुरुग्राम और दिल्ली में एक से डेढ़ वर्ष रहा था। यहां इसने चार से पांच स्लीपर सेल बना लिए थे। इनमें से ज्यादा बांग्लादेशी थे। ये पैसे का लालच देकर उनसे कुछ भी काम करवा सकता था।

ऐसे ही इसने जम्मू कश्मीर में चार से पांच उन युवाओं को अपने साथ जोड़ा था जिन्होंने पैसे लेकर पत्थर फेंके थे।

आरोपी लोन ने इन युवकों को जेहाद के नाम पर बरगलाया था। फरवरी में सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के पास देश विरोधी पोस्टर लगाने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में तैनात इंस्पेक्टर सुनील राजेन व धीरज महलावत की टीम ने लश्कर के लिए बांग्लादेशी मॉड्यूल का पदार्फाश करते हुए सात बांग्लादेशियों समेत आठ कथित स्लीपर सेल को पकड़ लिया था।

इनके पकड़े जाने के बाद लोन को लगा कि उसे पाकिस्तान से टारगेट मिल रहे हैं और वह भारत में



वारदात कैसे करवाएगा। ऐसे में ये स्पीलर सेल को एकत्रित करने के लिए फिर से भारत आया था। स्पेशल सेल इसे समय से नहीं पकड़ती तो आरोपी अपनी मंसूबों में कामयाब हो जाता।

### आरोपी फोन नहीं रखता था

स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार साबिर बांग्लादेश में जिस मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था उसे बांग्लादेश में छोड़ आया था। भारत में नया मोबाइल और सिम लेता फिर उस फोन पर अपनी तमाम साइटों पर अपनी आईडी को सक्रिय करता। इसकी इंस्टाग्राम पर कई आईडी बनी हुई हैं। ये नए फोन को कुछ समय चलाने के बाद फेंक देता था।

### आईएसआई के अधिकारियों के संपर्क में था

आरोपी लोन ने पूछताछ में बताया है कि उसकी पाकिस्तान में लगातार बात होती थी। लश्कर के उसके आका उसकी आईएसआई के अधिकारियों से लगातार बात कराते थे। ये अधिकारी उसे तरह-तरह के टॉरगेट दे रहे थे। फिलहाल स्पेशल सेल आरोपी को जम्मू कश्मीर लेकर गई है।

### एम्स दिल्ली में फील्ड स्टाफ बनने का सुनहरा अवसर, 10 अप्रैल तक भरें फॉर्म

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

मेडिकल क्षेत्र में नौकरी तलाश रहे युवाओं के लिए एक शानदार मौका सामने आया है। देश के सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में से एक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली ने फील्ड स्टाफ के एक पद पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की ओर से जारी पद के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की सलाह दी जाती है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से संबंधित पद अनुसार मनोविज्ञान, समाज कार्य, सामाजिक विज्ञान या नर्सिंग में ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।

# बवाना में एलपीजी गैस सिलेंडर कालाबाजारी रैकेट का भंडाफोड़

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

दिल्ली पुलिस ने गैस की किल्लत के बीच एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में बाहरी उत्तरी जिले के बवाना में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से जमा किए गए एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद हुए हैं।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि गुरुवार को टीम को एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और परिवहन के संबंध में एक गुप्त सूचना मिली। यह जानकारी तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शेयर की गई, जिसके बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत बवाना में डिस्ट्रिक्ट पार्क के पास नाकाबंदी की। शाम लगभग 4 बजे एक गाड़ी को उस स्थान की ओर आते हुए देखा गया। मुखबिर ने गाड़ी की ओर इशारा करते हुए पुलिस टीम को बताया कि इसमें अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडरों का परिवहन किया जा रहा है।



गाड़ी को तुरंत रोका गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान चालक ने अपनी पहचान अनिल के रूप में बताई। गाड़ी की तलाशी लेने पर पुलिस ने 27 एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए, जिनमें 13 घरेलू सिलेंडर और 14 व्यावसायिक सिलेंडर शामिल थे। इनमें से 10 घरेलू सिलेंडर और 7 कमर्शियल सिलेंडर भरे हुए पाए गए।

लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने बवाना के पास सेक्टर-2 में स्थित दो कमरों और एक लोहे के कमरे में अतिरिक्त एलपीजी सिलेंडर जमा कर रखे थे। उसके खुलासे पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने तुरंत बताई गई जगह पर तलाशी ली। यहां से पुलिस टीम को और 48 सिलेंडर बरामद हुए। जांच में सभी सिलेंडर बिना किसी सुरक्षा उपाय के और बिना किसी कानूनी अनुमति के जमा किए हुए पाए गए।

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 75 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आरोपी ने सिलेंडरों को एक अनाधिकृत जगह पर अवैध रूप से जमा किया था और उनका ट्रांसपोर्ट किया था, जिससे एलपीजी गैस की ज्वलनशील प्रकृति के कारण सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया था। फिलहाल, आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई जारी है।

## दिल्ली सरकार आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर एनसीआर का सबसे बड़ा ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू, एक साथ 10 वाहन होंगे चार्ज

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

दिल्ली-एनसीआर में स्वच्छ और हरित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। दिल्लीझमेरठ नमो भारत कॉरिडोर के आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर अब तक का सबसे बड़ा फास्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन शुरू कर दिया गया है।

इस सुविधा के शुरू होने से इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकताओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नए स्थापित इस चार्जिंग स्टेशन पर कुल 480 किलोवाट क्षमता की 10 हाई-वोल्टेज फास्ट चार्जिंग यूनिट्स लगाई गई हैं। इनकी खासियत यह है कि एक साथ 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज किया जा सकता है।

अत्याधुनिक तकनीक से लैस ये चार्जर चौपहिया वाहनों को महज 30 मिनट में करीब 80 प्रतिशत तक चार्ज करने में सक्षम हैं। इसके अलावा भारी व्यावसायिक ई-वाहनों के लिए भी



विशेष चार्जिंग पॉइंट्स उपलब्ध कराए गए हैं। चार्जिंग सुविधा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए ह्यइलेक्ट्रीफाईह्व मोबाइल एप्लिकेशन की मदद ली जा रही है।

इस ऐप के जरिए वाहन मालिक आसानी से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं और अपने वाहन की चार्जिंग की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग भी कर सकते हैं। डिजिटल भुगतान की सुविधा भी ऐप में उपलब्ध है, जिससे पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से स्मार्ट और पारदर्शी बन जाती है।

# देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं, करीब 28 लाख सिलेंडर प्रतिदिन हो रहे डिलीवर: इंडियन ऑयल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।




इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है।

सरकारी तेल कंपनी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियां होने के बावजूद परिचालन सामान्य बना हुआ है इंडियनऑयल ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि कोई कमी नहीं है और घबराहट में बुकिंग या जमाखोरी न करने की सलाह दी।

इंडियनऑयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'इंडियनऑयल देशभर के घरों में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद परिचालन सामान्य स्तर पर स्थिर बना हुआ है ह्व

कंपनी ने बताया कि लगभग 87 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग अब एसएमएस और आईवीआरएस जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जा रही हैं और सिलेंडर्स को ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए डीएसी ओटीपी के माध्यम से डिलीवरी को प्रमाणित किया जाता है।

कंपनी ने यह भी कहा कि वह आधिकारिक सहायता चैनलों के माध्यम से ग्राहकों की चिंताओं का सक्रिय रूप से समाधान कर रही है।

कंपनी ने आगे स्पष्ट किया कि प्रवासी मजदूरों को वैध पहचान पत्र दिखाने पर तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा 5 किलो एफटीएल सिलेंडर लगातार उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि वितरण सुगम और सुलभ हो सके।

तेल कंपनी ने कहा, 'लगातार उपलब्धता बनाए रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। इसलिए, चिंता या घबराहट की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए प्रबंधन किया जा रहा है ह्व

इंडियनऑयल ने आगे कहा, 'घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। पूरे देश में, अधिकृत वितरकों के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, और कालाबाजारी को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अपनी एलपीजी केवल आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बुक करें और सुरक्षित और विश्वसनीय अनुभव के लिए ओटीपी-आधारित डिलीवरी का विकल्प चुनें ह्व

कंपनी ने लोगों को सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करने की सलाह दी और कहा कि बोतलों या खुले कंटेनरों में पेट्रोल भरना न केवल असुरक्षित है बल्कि अवैध भी है।

# कई नए प्रोडक्ट लॉन्च करने की तैयारी में एमजी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।



भारतीय बाजार में एमजी मोटर कंपनी अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए 2026 में कई नए प्रोडक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। भारत में कंपनी वुलिंग स्टारलाइट 560 के रीबैज्ड वर्जन को पेश कर सकती है। इस एसयूवी के पेटेंट दाखिल होने और टेस्टिंग के दौरान इसके मॉडल्स देखे जाने से इसके लॉन्च की संभावना और मजबूत हो गई है।

डिजाइन की बात करें तो वुलिंग स्टारलाइट 560 का एक्सटीरियर इंटरनेशनल मॉडल जैसा ही नजर आता है। इसका बॉक्सी प्रोफाइल, शार्प लाइटिंग, मेश पैटर्न ग्रिल और मजबूत बंपर इसे आकर्षक बनाते हैं। साइड प्रोफाइल में चौकोर व्हील आर्च, रूफ रेल्स और ब्लैक-आउट पिलर्स दिए गए हैं, जबकि पीछे की ओर रैपअराउंड टेललाइट्स और स्टाइलिश डिजाइन देखने को मिलता है। 4,745 मिमी लंबाई और 2,810 मिमी व्हीलबेस के साथ यह एसयूवी फैमिली यूजर्स के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। इंजन और परफॉर्मेंस के मामले में यह एसयूवी कई विकल्पों के साथ आ सकती है। इंटरनेशनल मार्केट में इसका पेट्रोल, प्लग-इन हाइब्रिड (पीएचईवी) और पूरी तरह इलेक्ट्रिक वर्जन उपलब्ध है। पेट्रोल इंजन 177 पीएस की पावर देता है, जबकि पीएचईवी वर्जन में कुल आउटपुट करीब 200 पीएस तक पहुंचता है और इसकी कुल रेंज 1100 किलोमीटर तक बताई जाती है।

वहीं, इलेक्ट्रिक वर्जन 500 से 540 किलोमीटर तक की रेंज देने में सक्षम है, जो इसे लंबी दूरी के लिए भी उपयोगी बनाता है। फीचर्स की बात करें तो इसका इंटीरियर मिनिमलिस्ट डिजाइन के साथ आता है ।

## संक्षिप्त खबरें



### सरकार ने फ्लाइट में 60 प्रतिशत मुफ्त सीट चयन अनिवार्य करने वाले आदेश को किया स्थगित

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** केंद्र सरकार ने फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के देने के अपने पहले के आदेश को फिलहाल स्थगित कर दिया है, जो 20 अप्रैल से लागू होने वाला था। नागर विमानन मंत्रालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भेजे गए एक पत्र में कहा कि इस फैसले की समीक्षा की गई है। यह समीक्षा फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस और अकासा एयर द्वारा उठाई गई चिंताओं के बाद की गई, जिसमें इस नियम के ऑपरेशनल और कमर्शियल असर को लेकर सवाल उठाए गए थे। एयरलाइंस ने कहा था कि यह नियम किराया ढांचे को प्रभावित कर सकता है और मौजूदा डिरेगुलेटेड टैरिफ सिस्टम के अनुरूप नहीं है। सरकार ने कहा कि इन सभी पहलुओं को देखते हुए और मामले की विस्तृत समीक्षा होने तक 60 प्रतिशत सीटें मुफ्त देने का प्रावधान फिलहाल अगले आदेश तक लागू नहीं किया जाएगा।

### भारत के एलपीजी आयात में मार्च में तेज गिरावट, अमेरिका बड़ा आपूर्तिकर्ता बना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** भारत के एलपीजी (एलपीजी) आयात में मार्च 2026 में अचानक गिरावट दर्ज की गई है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार पिछले दो महीनों की तुलना में आयात में 40 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस कमी ने देश की ऊर्जा सुरक्षा पर असर पड़ने की आशंका पैदा कर दी है। मार्च में भारत का कुल एलपीजी आयात लगभग 1.22 मिलियन टन रहा, जो जनवरी की तुलना में 46 फीसदी और फरवरी की तुलना में 40 फीसदी कम है। इस बीच, अमेरिका ने भारत को मार्च में सबसे अधिक एलपीजी सप्लाई की, कुल 420 हजार टन। संयुक्त अरब अमीरात और कतर ने समान रूप से 226 हजार टन आपूर्ति की, जबकि सऊदी अरब 130 हजार टन और कुवैत 90 हजार टन योगदान दे सके। ईरान ने करीब सात साल बाद आपूर्ति फिर से शुरू की और 43 हजार टन भेजा।

# भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा 54.91 अरब डॉलर पहुंचा, टॉप घाटे वाले देशों की सूची में शामिल

» वाशिंगटन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 12 महीनों में अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में 54.91 अरब डॉलर का घाटा हुआ है। इस बड़े घाटे की वजह से भारत अब उन देशों में शामिल हो गया है जिनसे अमेरिका को सबसे ज्यादा व्यापारिक घाटा (नुकसान) होता है।

वहीं, फरवरी के महीने में दुनिया भर के दूसरे देशों के साथ भी अमेरिका का कुल व्यापार घाटा और ज्यादा बढ़ा है। महीने के आंकड़ों से पता चला कि फरवरी में अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़कर 57.35 बिलियन डॉलर हो गया, जो जनवरी से 2.67 बिलियन डॉलर ज्यादा है, हालांकि यह अभी भी 12 महीने के एवरेज से 11 फसदी कम है। यह बढ़ोतरी इसलिए हुई क्योंकि इम्पोर्ट, एक्सपोर्ट से ज्यादा तेजी से बढ़ा। महीने के दौरान कुल एक्सपोर्ट 314.8 बिलियन डॉलर रहा, जबकि इम्पोर्ट 372.1 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया।



वस्तु व्यापार में अमेरिका को 84.60 अरब डॉलर का घाटा हुआ, जबकि सेवाओं के क्षेत्र में 27.26 अरब डॉलर का अधिशेष दर्ज किया गया। जनवरी की तुलना में वस्तु व्यापार घाटा बढ़ा, जबकि सेवाओं का अधिशेष घट गया। भारत अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में बना रहा। केवल फरवरी में ही अमेरिका ने भारत के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा दर्ज किया।

फरवरी 2026 तक 12 महीने के समय में, भारत का अमेरिका के कुल सामान व्यापार घाटा में लगभग 5.01 फीसदी हिस्सा था, जो दोनों देशों के बीच लगातार ट्रेड फ्लो को दिखाता है।

भारत अमेरिकी इंपोर्ट के बड़े सोर्स में भी शामिल था। इसी समय में भारत से कुल 101.97 बिलियन डॉलर का सामान इंपोर्ट हुआ, जो अमेरिकी मार्केट में फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग गुड्स और दूसरे प्रोडक्ट्स की सप्लाई में इसकी भूमिका को दिखाता है।

वहीं, भारत से इंपोर्ट से अमेरिका को कस्टम ड्यूटी में 12.34 बिलियन डॉलर आए, जिसका एवरेज टैरिफ दर 12.12 फीसदी था।

अमेरिका के समग्र व्यापार परिदृश्य में मेक्सिको, वियतनाम और चीन के साथ बड़े असंतुलन देखने के लिए मिले, जो वस्तु व्यापार घाटे में सबसे अधिक योगदान देने वाले देश बने रहे। फरवरी में एक्सपोर्ट बढ़ा, क्योंकि इंडस्ट्रियल सप्लाई और मटीरियल की शिपमेंट ज्यादा हुई, जिसमें नॉन-मॉनेटरी सोना और नैचुरल गैस शामिल हैं। सर्विसेज एक्सपोर्ट भी थोड़ा बढ़ा।

हालांकि, कैपिटल गुड्स, कंप्यूटर, सेमीकंडक्टर, क्रूड ऑयल और फार्मास्यूटिकल तैयारियों की डिमांड की वजह से इंपोर्ट ज्यादा तेजी से बढ़ा। पिछले साल ट्रेड किए गए सामानों में, सिविलियन एयरक्राफ्ट, फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट और नॉन-मॉनेटरी सोना अमेरिका के मुख्य एक्सपोर्ट थे।

इंपोर्ट की बात करें तो, फार्मास्यूटिकल्स, कंप्यूटर और पैसेंजर गाड़ियों का दबदबा रहा। महीने में बढ़ोतरी के बावजूद, लंबे समय के ट्रेंड से व्यापार असंतुलन में कुछ कमी दिख रही है। साल-दर-साल के डेटा से पता चला है कि पिछले साल इसी समय की तुलना में घाटा कम हुआ है, जिसमें एक्सपोर्ट बढ़ा है और इंपोर्ट सालाना आधार पर घटा है।

# नया प्रीमियम टैबलेट वीवी पेड 6 प्रो चीन में लॉन्च

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।

चाइनीज कंपनी वीवो ने अपना नया प्रीमियम टैबलेट वीवी पेड 6 प्रो चीन में लॉन्च कर दिया है। यह डिवाइस हाल ही में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 में भी प्रदर्शित किया गया था। इस टैबलेट की शुरुआती कीमत सीएनवाय 4,499 (करीब 61,600 रुपये) रखी गई है, जिसमें 8जीबी रैम और 256जीबी स्टोरेज मिलता है।


वहीं इसका टॉप वेरिएंट 16जीबी रैम और 512जीबी स्टोरेज के साथ सीएनवाय 6,699 (लगभग 91,800 रुपये) में उपलब्ध होगा। यह डिवाइस 3 अप्रैल से चीन में बिक्री के लिए आएगा। डिस्प्ले की बात करें तो इसमें 13.2 इंच का बड़ा 4के एलसीडी स्क्रीन दिया गया है, जो 144एचझेड रिफ्रेश रेट और 540 एचझेड टच सैंपलिंग रेट को सपोर्ट करता है। परफॉर्मेंस के लिए इसमें क्वालकॉम स्नेपड्रेगन 8 इलाइट जेन 5 प्रोसेसर लगाया गया है, जो 3 एनएम टेक्नोलॉजी पर आधारित है और इसे हाई-एंड स्मार्टफोन जैसी ताकत देता है। बैटरी के मामले में भी यह टैबलेट काफी मजबूत है।




इसमें 13,000 एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है, जो 80वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है। कनेक्टिविटी के लिए इसमें वायफाय 7, ब्लूटूथ 5.4 और यूएसबी टाइप-सी पोर्ट जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। फोटोग्राफी के लिए इसमें 13 मेगापिक्सल का रियर कैमरा और 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिलता है। साथ ही, 8-स्पीकर ऑडियो सिस्टम इसे बेहतरीन साउंड क्वालिटी प्रदान करता है। यह टैबलेट स्टाइलस और कीबोर्ड सपोर्ट के साथ आता है, जिससे यह प्रोफेशनल काम और एंटरटेनमेंट दोनों के लिए उपयोगी बन जाता है।

# मारुति सुजुकी ने वित्तीय वर्ष 2026 में हासिल की रिकॉर्ड बिक्री

» नईदिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।



वित्तीय वर्ष 2026 में मारुति सुजुकी ने रिकॉर्ड बिक्री हासिल की है। इस दौरान मारुति सुजुकी ने कुल 24.22 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो अब तक का सबसे उच्चतम आंकड़ा है। कंपनी लगातार तीसरे वर्ष 20 लाख यूनिट्स से अधिक की वार्षिक बिक्री पार करने में सफल रही है। मार्च 2026 में कंपनी की कुल बिक्री 2,25,251 यूनिट्स रही, जो पिछले वर्ष के मार्च महीने की तुलना में 16.7 प्रतिशतकी बढ़ोतरी दशार्ती है। पिछले वर्ष मार्च में कंपनी ने 1,92,984 यूनिट्स बेची थीं। घरेलू बाजार में मार्च की बिक्री 1,69,428 यूनिट्स रही, जबकि अन्य ओईएम को 8,783 यूनिट्स की आपूर्ति की गई। इसके अलावा एक्सपोर्ट में भी मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला, जो साल-दर-साल आधार पर करीब 42.68 प्रतिशत बढ़ा है। एफवाय26 के दौरान कंपनी की घरेलू पैसेंजर व्हीकल बिक्री में भी स्थिर वृद्धि दर्ज की गई। एसयूवी सेगमेंट में मारुति की हिस्सेदारी बढ़ने के साथ ही ब्रेजा, ग्रांड विटारा, फ्रोंक्स और इरटिगा जैसे मॉडल्स ने अच्छा प्रदर्शन किया।

# 1.39 लाख इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक की बिक्री दर्ज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** भारत में 27 मार्च तक करीब 1.39 लाख इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले साल इसी अवधि के 1.31 लाख यूनिट्स से अधिक है। मौजूदा रफ्तार जारी रही तो यह आंकड़ा जल्द ही 1.45 लाख यूनिट्स के रिकॉर्ड को पार कर सकता है। साथ ही वित्त वर्ष के अंत में मिलने वाले ऑफर्स, सरकार द्वारा सब्सिडी को जुलाई 2026 तक बढ़ाना और कंपनियों के डिस्काउंट ने भी बिक्री को बढ़ावा दिया है। इस ग्रोथ में टीवीएस मोटर कंपनी सबसे आगे रही, जिसने वित्त वर्ष 2026 में 3.3 लाख से ज्यादा यूनिट्स बेचकर नया मुकाम हासिल किया। बजाज ऑटो ने 2.76 लाख यूनिट्स की बिक्री की, जबकि अथेर एनर्जी ने करीब 2.3 लाख यूनिट्स के साथ अपनी स्थिति मजबूत की। वहीं हीरो मोटोकार्प ने शानदार उछाल दिखाते हुए अपनी बिक्री तीन गुना बढ़ाकर 1.39 लाख यूनिट्स तक पहुंचा दी। हालांकि ओला इलेक्ट्रिक के लिए यह साल थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहा और इसकी बिक्री में गिरावट देखी गई। कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2026 में ईवी टू-व्हीलर की बिक्री 13.5 लाख यूनिट्स तक पहुंच गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन का इंतजार कर रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** बिलासपुर थाना क्षेत्र में 31 मार्च की रात करीब 11 बजे केएमपी के पचगांव चौक पर वाहन का इंतजार कर रहे युवक को अज्ञात गाड़ी ने टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे निजी अस्पताल में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई दिनेश कुमार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की है। मृतक की पहचान इटावा (उत्तर प्रदेश) के अलबपुर गांव निवासी सोनू (26) के रूप में हुई है। वह मानेसर क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी में काम करते थे। 31 मार्च की रात करीब 11 बजे वह अपने घर जाने के लिए केएमपी, पचगांव चौक पर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सोनू को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जांच अधिकारी एएसआई रमेश ने बताया कि बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर 1,913 चालकों के काटे चालान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** मार्च के दौरान जिले की सड़कों पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 1,913 चालकों के चालान काटे गए हैं। इस दौरान सात वाहनों को जब्त करने के साथ ही तीन एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ. राजेश मोहन के निदेशानुसार सड़कों पर यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने 1 मार्च से 31 मार्च तक जिले की विभिन्न सड़कों पर नाके लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की। इस दौरान 1,913 चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया और उनके चालान काटे गए।

# बच्चों की चुप्पी को न करें नजरअंदाज, हो सकता है ऑटिज्म

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**



बच्चों का देर से प्रतिक्रिया देना, बात समझने में कठिनाई होना या अन्य बच्चों से घुलने-मिलने में परेशानी को अक्सर सामान्य व्यवहार मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार ये ऑटिज्म (स्वलीनता) के शुरूआती संकेत हो सकते हैं। ऑटिज्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष दो अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ते मामलों को देखते हुए अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। न्यूरोफिजिशियन डॉ. राकेश कुमार के अनुसार, ऑटिज्म मस्तिष्क के विकास से जुड़ी एक आजीवन तंत्रिका संबंधी स्थिति है। यह व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार, संवाद क्षमता और सोचने के तरीके को प्रभावित करती है। यह कोई बीमारी नहीं, बल्कि दुनिया को देखने और समझने का एक अलग तरीका है। इसके लक्षण आमतौर पर बच्चे के जीवन के पहले दो-तीन वर्षों में दिखाई देने लगते हैं। संयुक्त जिला अस्पताल में 24 बच्चों का चल रहा उपचार : संयुक्त जिला अस्पताल के अर्ली इंटरवेंशन सेंटर में वर्तमान में 24 बच्चों का उपचार किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसका पूर्ण इलाज संभव नहीं है, लेकिन डेढ़ से दो वर्ष की उम्र में ही थेरेपी शुरू कर दी जाए तो एक-दो साल में बच्चे में काफी सुधार संभव है। मोबाइल और टीवी से बढ़ सकती है समस्या : संयुक्त जिला अस्पताल के अर्ली इंटरवेंशन सेंटर की प्रभारी और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आम्रपाली सिन्हा के अनुसार, इस स्थिति में बच्चे का मानसिक विकास प्रभावित होता है।

# दिल्ली में छोटे सिलेंडर की किल्लत

## अवैध रीफिलिंग तेज, बुकिंग के बाद भी इंतजार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**



राजधानी में बुकिंग कराने के बावजूद लोगों को एलपीजी सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। कई इलाकों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतार रोज लग रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे सिलिंडरों की किल्लत से हो रही है। इस कमी ने अवैध रिफिलिंग के धंधे को खुली छूट दे दी है, जिससे न सिर्फ उपभोक्ताओं की जेब पर असर पड़ रहा है, बल्कि सुरक्षा पर गंभीर खतरा भी खड़ा हो गया है।

आरके पुरम, द्वारका, उत्तम नगर, लक्ष्मी नगर, शाहदरा, मयूर विहार और संगम विहार समेत कई इलाकों में उपभोक्ताओं को सिलिंडर लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार, ऑनलाइन बुकिंग के दौरान जो डिलीवरी तारीख दी जाती है, उस पर सिलिंडर घर तक नहीं पहुंचता है।

कई एजेंसियों पर छोटे सिलिंडर या तो मिलते ही नहीं या बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध होते हैं, जो जल्दी खत्म हो जाते हैं। ठेला चलाने वालों, छोटे दुकानदारों और किराए पर रहने वाले लोगों के लिए यह स्थिति ज्यादा गंभीर है, क्योंकि वह बड़े सिलिंडर का खर्च नहीं उठा सकते। मजबूरी में उन्हें महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है।

अभी तक पुलिस की सख्ती नहीं होने से गैस की कालाबाजारी करने वालों को खुली छूट थी, जिसकी वजह से हर गली और मोहल्ले में 80 से 90 रुपये में एक किलो गैस मिल जाती थी लेकिन गैस किल्लत होते ही अवैध रिफलिंग करने वालों प्रति किलो गैस के दाम बढ़ाकर 200 से 400 रुपये कर दिए। इस बीच पुलिस ने भी सख्ती कर दी, जिससे दिक्कत और बढ़ गई है।

### एजेंसियों ने कमी से किया इनकार

गैस एजेंसियों का दावा है कि सिलिंडर की आपूर्ति सामान्य है और किसी तरह की कमी नहीं है। एजेंसियों के मुताबिक, ज्यादातर उपभोक्ताओं को समय पर डिलीवरी मिल रही है। कुछ मामलों में ट्रांसपोर्ट या तकनीकी कारणों से देरी हो सकती है, लेकिन इसे बड़ी समस्या नहीं माना जा सकता।

### डिलीवरी सिस्टम पर उठ रहे सवाल

उपभोक्ताओं का आरोप है कि डिलीवरी कर्मी आने की सूचना देते हैं लेकिन सिलिंडर नहीं पहुंचता। मजबूरन लोगों को खुद एजेंसी जाकर सिलिंडर लेना पड़ रहा है। मयूर विहार के निवासी राजन ने बताया कि अगर डिलीवरी से जुड़ी सही और समय पर जानकारी मिले तो परेशानी काफी हद तक कम हो सकती है। खासकर कामकाजी परिवारों और छोटे बच्चों वाले घरों में परेशानियां हैं।

### अलीपुर में अवैध एलपीजी रिफिलिंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज

गैस सिलिंडर की कालाबाजारी पर सरकार ने सख्त कदम उठाया है। अलीपुर में छारा मारकर कर अवैध रिफिलिंग का बड़ा मामला पकड़ा गया है। यह कार्रवाई 1 अप्रैल को एक न्यूज चैनल पर दिखाए गए स्टिंग ऑपरेशन के बाद की गई।

### कच्चे माल और रसद का संकट छोटे दवा उद्योगों पर अस्तित्व का खतरा

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** दवा निर्माण करने वाली कंपनियों के संगठन ने एलपीजी किल्लत को लेकर चिंता जताई है। फार्मा उद्योग के अखिल भारतीय संगठन फेडरेशन ऑफ फार्मा आंत्रप्रेन्योर्स के चेयरमैन और गुरुग्राम के उद्यमी बोधराज सिकरी ने सरकार से फार्मा कंपनियों को सहयोग करने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि फार्मा सेक्टर के लिए लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जरूरी केमिकल्स के आयात शुल्क में अस्थायी रियायत मिलनी चाहिए। एक तरफ एलपीजी (तरल पेट्रोलियम गैस) और रसायनों की बढ़ती कमी है, तो दूसरी तरफ लॉजिस्टिक्स (माल ढुलाई) की बाधाओं ने दवा उत्पादन की कमर तोड़ दी है। इस संकट का सबसे गहरा असर लघु और मध्यम स्तर की (स्मॉल स्केल) इकाइयों पर पड़ रहा है। दवा बनाने के लिए सिर्फ मुख्य सॉल्ट (एपीआई) ही काफी नहीं होता उसमें एक्सपिएंट्स (जैसे स्टेबलाइजर्स, फिलर्स और सॉल्वैंट्स) की भी बड़ी भूमिका होती है। एलपीजी से जुड़े पेट्रोकेमिकल डेरिवेटिव्स का उपयोग कई दवाओं की कोटिंग और निर्माण प्रक्रिया में होता है। वर्तमान में इन रसायनों की कमी के कारण उत्पादन ठप होने की कगार पर है।

### हार्मोनल बदलाव की वजह से महिलाओं में बढ़ता मधुमेह का खतरा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** जिला नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए आने वाली महिलाओं में मधुमेह से जुड़ी समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 5 से 8 महिलाएं इस तरह की शिकायत लेकर पहुंच रही हैं। खासकर रजोनिवृत्ति के बाद होने वाले हार्मोनल बदलाव इसके प्रमुख कारण के रूप में सामने आ रहे हैं, जिससे रक्त शर्करा का स्तर प्रभावित हो रहा है। जिला नागरिक अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अपर्णा गुप्ता ने बताया कि रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में हार्मोन का स्तर तेजी से बदलता है, जिसका सीधा असर उनके मेटाबॉलिज्म और ब्लड शुगर पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में महिलाओं को नियमित जांच कराते रहना चाहिए और जीवनशैली में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि मधुमेह के सामान्य लक्षणों में बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास और भूख लगना, थकान, अचानक वजन बढ़ना या कम होना और धुंधली दृष्टि शामिल हैं। सलाह देते हुए उन्होंने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव नियंत्रण और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के जरिए मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। किसी भी तरह के लक्षण नजर आने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए, ताकि समय रहते इलाज शुरू किया जा सके।

### महिला आयोग से पवन सिंह को राहत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में बृहस्पतिवार को हरियाणा महिला आयोग की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के समक्ष हाईप्रोफाइल हरियाणवी अभिनेत्री पेश हुईं। इस दौरान कथित अभद्र व्यवहार के मामले में आयोग ने भोजपुरी गायक व अभिनेता पवन सिंह को बड़ी राहत देते हुए उनका नाम केस से हटा दिया। आयोग ने सुनवाई के बाद बिना पेशी के ही यह निर्णय लिया। वहीं, मामले में नया मोड़ लेते हुए आयोग ने पवन सिंह की पीआर टीम के कुछ सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने आयोग को बताया कि वह अब इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहतीं, क्योंकि पवन सिंह पहले ही सार्वजनिक रूप से माफी मांग चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह उन्हें माफ कर चुकी हैं और अब उनके खिलाफ कोई शिकायत नहीं है। इसी आधार पर आयोग ने उनका नाम मामले से हटा दिया। गौरतलब है कि अगस्त 2025 में लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री ने पवन सिंह पर अनुचित तरीके से कमर छूने का आरोप लगाया था, जिसके बाद मामला चर्चा में आया था। हालांकि, समय के साथ पीड़िता का रुख बदल गया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने एक गंभीर मुद्दा भी उठाया।

# उत्तम नगर, जहांगीरपुरी में तनाव, पुलिस की निगरानी में शोभायात्रा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

हनुमान जन्मोत्सव पर बृहस्पतिवार को उत्तम नगर, जहांगीरपुरी और तुगलकाबाद में तनाव के बीच शोभायात्राएं निकाली गईं। हिंदू संगठनों की इन यात्राओं को लेकर दिल्ली पुलिस अलर्ट रही। इन जगहों पर कई बार हल्के तनाव के हालात पैदा हो गए थे, मगर अलर्ट पुलिस ने समय रहते हुए स्थिति को संभाल लिया था। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इन इलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन के जरिये शरारती तत्वों पर नजर रखी गई। हनुमान जयंती पर दो अलग-अलग इलाकों तुगलकाबाद और जहांगीरपुरी से हल्के तनाव की खबर सामने आई है। हालांकि दोनों ही जगहों पर पुलिस की सक्रियता के चलते स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। दरअसल, तुगलकाबाद इलाके में धार्मिक स्थल के पास से गुजर रही शोभा यात्रा के दौरान कुछ शरारती तत्व परिसर की छत पर नाचने लगे, जिससे हालात तनावपूर्ण पैदा हो गए। हालांकि सूचना पर





पहुंची पुलिस ने हालात को संभाला और मौके पर तैनाती बढ़ा दी है और स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है। जहांगीरपुरी के डबल ई ब्लॉक में कुछ लोग बिना अनुमति शोभा यात्रा निकालने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के समझाने पर भी जब लोग नहीं माने तो कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। दिल्ली के उत्तम नगर में हनुमान जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को शोभा यात्रा निकाली गई। पंचमुखी हनुमान भगवान की प्रतिमा के चरणों में दिवंगत तरुण की फोटो रखी हुई थी। कई लोगों ने पुलिस और आयोजकों की तारीफ की कि उन्होंने सुनिश्चित किया कि समारोह में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

अधिकारियों ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए जहांगीरपुरी में अमन समिति की बैठक भी की गई क्योंकि 2022 में इलाके में हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा में पथराव और आगजनी की घटनाओं में पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए थे।

**संकट मोचन धाम पहुंचीं सीएम, विधिवत पूजा की:** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंदिर में पूजा कर राजधानी की सुख-शांति और तरक्की के लिए प्रार्थना की। सीएम ने करोल बाग स्थित 108 फुट श्री संकट मोचन धाम में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा की और श्रद्धा के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर आशीर्वाद लिया।

### सौरभ भारद्वाज ने निकाली शोभायात्रा

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पिछले साल की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव पर बृहस्पतिवार को चिराग दिल्ली में शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा चिराग दिल्ली स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शुरू हुई और पूरे इलाके का चक्कर लगाकर वापस वही खत्म हुई। शोभायात्रा में बड़ी तादात में हनुमान भक्त शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण कर महाबलि हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने बजरंग बली से विश्व में चल रहे लड़ाई-झगड़े को खत्म कर शांति व विकास की राह पर चलने, दिल्ली, देश और पूरे विश्व पर अपना आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की।



## फिल्मों में असली एक्शन को प्राथमिकता देना चाहते हैं अक्षय

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार एक लंबे समय बाद निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिल्म ह्यभूत बंगलाह्न में वापसी कर रहे हैं, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। हाल ही में अक्षय कुमार ने फिल्मों में बढ़ते वीएफएक्स और एआई के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वे अपनी फिल्मों में असली एक्शन को प्राथमिकता देना चाहते हैं। अक्षय कुमार ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री का दौर लगातार बदल रहा है, लेकिन एक्शन फिल्मों का मौजूदा ट्रेंड उन्हें संतुष्ट नहीं करता। उनके मुताबिक, आजकल फिल्मों में वीएफएक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जिससे एक्शन दृश्य नकली लगने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वे ऐसे एक्शन में विश्वास रखते हैं, जिसे दर्शक सिर्फ देख ही नहीं, बल्कि महसूस भी कर सकें। अभिनेता ने स्पष्ट किया कि वह अपने स्टंट खुद करना पसंद करते हैं और तकनीक के सहारे बनाए गए एक्शन से दूरी बनाना चाहते हैं।



## कंगना के बयान से छिड़ी बहस

राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान अभिनेत्री कंगना रानौत के बयान ने फिल्म इंडस्ट्री में नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा कि मुंबई में फिल्म शूटिंग अब पहले की तरह आसान नहीं रही है। स्टूडियो और शूटिंग फ्लोर की कमी के कारण निर्माताओं को लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिससे प्रोजेक्ट की लागत और समय दोनों बढ़ जाते हैं। कंगना ने बताया कि मुंबई में शूटिंग का खर्च काफी ज्यादा हो चुका है। एक शूटिंग फ्लोर का किराया प्रतिदिन 10 से 15 लाख रुपये तक पहुंच गया है, जो छोटे और मध्यम बजट की फिल्मों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में फिल्ममेकर्स वैकल्पिक लोकेशनों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने नोएडा और दिल्ली को बेहतर विकल्प बताते हुए कहा कि यहां विकसित हो रही फिल्म सिटी इंडस्ट्री को नई दिशा दे सकती है। कम लागत, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और अधिक स्पेस जैसी सुविधाएं फिल्म निर्माण को आसान बना सकती हैं।


# किआरा आडवाणी का

## स्टाइलिश अवतार, बॉडी-हगिंग गाउन में तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल




किआरा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई, 2025 को अपने पहले बच्चे, सराया नाम की एक बच्ची का स्वागत किया। एक्ट्रेस लगातार काम पर वापस आ रही हैं और साथ ही मदरहुड की खुशी भी एन्जॉय कर रही हैं। कियारा अपने फैंस को हैरान करने में फेल नहीं हुईं, जब उन्हें मुंबई में एक अवॉर्ड नाइट में बॉडी-हगिंग गाउन में देखा गया। ऐसा लग रहा था कि उन्होंने प्रेग्नेंसी के बाद मजबूती से वापसी की है और अपना ज्यादातर मैटरनिटी वेट कम कर लिया है। बुधवार रात एक इवेंट में शामिल होने के दौरान कियारा इवनिंग गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। ब्राउन कलर की फॉक्स लेदर ड्रेस उनके ऑवरग्लास फिगर को कॉम्प्लिमेंट कर रही थी। उन्होंने अपनी आंखों को उभारने के लिए बोल्ड काजल चुना। एक्सेसरीज के लिए, कियारा ने नेकलेस और ब्रेसलेट चुने, इसे मिनिमल लेकिन स्टाइलिश रखते हुए। उन्होंने रेड कार्पेट पर पैपराजी से बात करते हुए अपनी मिलियन डॉलर स्माइल दिखाई और अपनी बेटी के जन्म के बाद अपनी रेयर पब्लिक अपीयरेंस से सभी को अट्रैक्ट किया। फिल्मों की बात करें तो, कियारा को आखिरी बार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ वॉर 2 में देखा गया था। हाइप के बावजूद, यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और फ्लॉप साबित हुई। एक्ट्रेस की अगली फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स है। यह कन्नड़ एक्शन मूवी 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन मिडिल ईस्ट रीजन में चल रहे झगड़े की वजह से इसमें देरी हो गई। यश इस मच अवेटेड गैंगस्टर ड्रामा में लीड रोल में हैं, जिसमें नयनतारा, रुक्मिणी वसंत, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया भी लीड रोल में हैं।

## सोनम कपूर ने अस्पताल से नवजात बेटे के साथ अपनी पहली फोटो शेयर की



नई माँ सोनम कपूर आज अपना शुक्रिया अदा कर रही हैं। आनंद आहूजा के साथ अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा के बाद अपनी पहली पोस्ट में, एक्ट्रेस ने अपने बच्चे का एक ऐसा लुक दिखाया है जो पहले कभी नहीं देखा गया। अपने पति के साथ एक जॉइंट पोस्ट में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर, कपल ने अपने बच्चे के सुरक्षित और सफल जन्म के सफर में मदद करने वाले हर स्टाफ मेंबर को धन्यवाद दिया।

अपने सोशल मीडिया हैंडल पर, बॉलीवुड एक्ट्रेस और उनके बिजनेसमैन पति ने एक लंबा नोट लिखकर उन मेडिकल स्टाफ को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनकी डिलीवरी में मदद की। इसके साथ, उन्होंने माँ और नए जन्मे बच्चे की एक फोटो अटैच की, जिसमें वह उसे अपनी छाती से लगाए हुए थीं, और इस अनुभव को ह्यहर तरह से सच में बहुत बढ़ियाह्न बताया।



## पीटरसन ने की दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी की तारीफ

**लंदन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान क्रिकेटर केविन पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे बल्लेबाज समीर रिजवी की जमकर प्रशंसा की है। रिजवी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी है। पीटरसने पिछले साल कैपिल्स के मेंटर रहे थे। उनका कहना है कि पिछले सीजन में ही उन्होंने समीर की प्रतिभा देख ली थी। तभी से वह इस युवा बल्लेबाज के खेल से प्रभावित हैं। उन्होंने टीम प्रबंधन से अपील की है कि वह इस युवा का साथ देते रहे। जिससे उसका आगे भी इसी प्रकार खेलने के लिए मनोबल बढ़ता रहे। पीटरसन ने कहा, उन्होंने हालात के हिसाब से बहुत ही शानदार बल्लेबाजी की और इसमें मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं हुई। मैंने पिछले सीजन में समीर के साथ काफी समय बिताया था और उन्हें बहुत करीब से देखा था। उन्होंने एक अभ्यास मैच में भी शतक बनाया था पर टूर्नामेंट के पहले चरण में उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई थी। हालांकि जब सत्र के बाद के हिस्से में उन्हें अवसर मिला, तो उनकी क्षमताएं सभी ने देखीं। तब हर किसी ने उनकी तरफ देखा और कहा इसमें काफी संभावनाएं नजर आती हैं। उन्होंने आगे कहा, जब आप किसी युवा खिलाड़ी पर भरोसा करते हैं, तो आपको यह विश्वास होना चाहिए कि वह खिलाड़ी आपके भरोसे पर खरा उतरेगा, और उसने इस मैच में ठीक वैसा ही किया है। उसने दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स के कोच के उस फैसले का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर से पहले ट्रिस्टन स्टब्स को बल्लेबाजी के लिए भेजा था।




## अमेरिका की टीम से खेल रहे भारतीय मूल के मिलिंद कुमार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** दिल्ली की ओर से खेलने वाले मिलिंद कुमार आज अमेरिका की राष्ट्रीय टीम से खेल रहे हैं। मिलिंद कुमार ने एकदिवसीय क्रिकेट में कई रिकॉर्ड अपने नाम किये हैं। उन्होंने केवल 21 पारियों में 1016 रन 67.73 के शानदार औसत से बनाये हैं। वह 155 रन बनाकर पारी समाप्त (नाबाद) करने वाले पहले बल्लेबाज हैं। इसके अलावा 21 पारियों में तेजी से रन बनाकर 1000 का आंकड़ा भी उन्होंने हासिल किया था पर इसके बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी क्योंकि उनका मुकाबला विराट कोहली जैसे खिलाड़ी से था। विराट भी तब दिल्ली से खेलते थे। ऐसे में मिलिंद को आंखिरकार सिक्किम और त्रिपुरा से खेलने और आईपीएल में आरसीबी से खेलने के बाद भी जब राष्ट्रीय टीम में अवसर नहीं मिला तो वह थककर विदेश चले गये। आज वह अमेरिका की जर्सी में मैदान पर उतरते हैं। इससे साफ है कि देश में कई प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अवसर नहीं मिल पाता। इस कारण वे विदेश का रुख करते हैं। कनाडा सहित दुनिया भर की कई टीम में कई कारण कई भारतीय खिलाड़ी खेल रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की ओर मिसाइलें दागे जाने का पता लगाया

**तेल अवीव, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने ईरान से दागी गयी मिसाइलों का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, 'कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं' उल्लेखनीय है कि ईरान गत 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त सैन्य अभियान के जवाब में इजरायली क्षेत्रों और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है। सैन्य कार्रवाई के पहले दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे और दक्षिणी ईरान में लड़कियों के एक स्कूल पर बमबारी की गई थी।

### स्विट्जरलैंड ने शरण के कड़े नियमों के तहत सौ से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाला

**बर्न, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** स्विट्जरलैंड ने शरण के कड़े नियमों के तहत पांच महीनों में 100 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाल दिया है। प्रवासन राज्य सचिवालय (एसईएम) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'एक नवंबर से पश्चिमी यूक्रेन के सात इलाकों से शरण मांगने वाले अब स्विट्जरलैंड में प्रोटेक्शन स्टेटस एस के लिए पात्र नहीं हैं। इस नए नियम के अनुसार, एसईएम ने फरवरी के आखिर तक 104 लोगों को यूक्रेन के लिए निकाल दिया। स्विट्जरलैंड की संघीय सभा अक्टूबर 2025 में उन लोगों को अस्थायी संरक्षण देने पर सहमत हुई थी, जिनका आखिरी घर यूक्रेन का कोई ऐसा इलाका था जो युद्ध क्षेत्र में है। एजेंसी ने मार्च के आखिर में कहा कि अस्थायी संरक्षण एस वाले यूक्रेनी लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है, और अभी यह 72,500 से ज्यादा है।

### पनामा नहर से जुड़े जहाजों को लेकर अमेरिका ने दी चीन को चेतावनी

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** अमेरिका ने चीन को चेतावनी दी है कि पनामा का झंडा लगे जहाजों को निशाना बनाने वाले कदम एक अहम वैश्विक व्यापार मार्ग के लिए खतरा हैं और इससे व्यवसायों व उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ सकती है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि पनामा का झंडा लगे जहाजों के खिलाफ चीन के हालिया कदम पनामा में कानून के शासन को कमजोर करने के लिए आर्थिक साधनों के इस्तेमाल को लेकर गंभीर चिंता पैदा करते हैं।

## अमेरिकी सीनेटरों ने चीन की चिप टूल एक्सेस पर रोक के लिए पेश किया एमएटीसीएच एक्ट

**» वाशिंगटन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

अमेरिका ने चीन और अन्य प्रतिद्वंद्वियों को महत्वपूर्ण चिप निर्माण तकनीक तक पहुंचने से रोकने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाया है। कांग्रेस में अमेरिकी सीनेटरों ने उन्नत सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों पर निर्यात नियंत्रण कड़ा करने के लिए विधेयक पेश किया।

प्रस्तावित मल्टीलेटरल अलाइनमेंट ऑफ टेक्नोलॉजी कंट्रोल्स ऑन हार्डवेयर (एमएटीसीएच) अधिनियम का उद्देश्य मौजूदा नियंत्रणों की कमियों को दूर करना और अमेरिका की तकनीकी बढ़त और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सहयोगी देशों के साथ नीतियों में समन्वय स्थापित करना है। प्रतिनिधि जॉन डब्ल्यू. मैनियन ने कहा, 'अमेरिकी श्रमिकों, नवाचार और प्रतिभा ने दुनिया की सबसे एडवांस्ड सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री बनाई है। अमेरिका ग्लोबल मेमोरी चिप मैन्युफैक्चरिंग



और रिसर्च की अगली पीढ़ी का नेतृत्व करने के लिए तैयार है, मैं उस भविष्य की रक्षा करने जा रहा हूं और यह सुनिश्चित करूंगा कि हम आगे रहें।' उन्होंने आगे कहा कि यह बिल 'उन टूल्स, तकनीक, नौकरियों और जानकारी की सुरक्षा करता है जो अमेरिका को चीन से आगे रखेंगे और 21वीं सदी की उन तकनीक में सबसे आगे रहेंगे, जिन पर दुनिया निर्भर है।'

## अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना प्रमुख को पद छोड़ने का दिया आदेश, पेंटागन में बड़े फेरबदल के संकेत

**» वाशिंगटन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने अमेरिकी आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को तत्काल पद छोड़ने और सेवानिवृत्त होने का निर्देश दिया है। रक्षा मंत्री के इस आदेश के बाद जनरल जॉर्ज ने प्रभावी रूप से अपना पद त्याग दिया है। ईरान के साथ जारी भीषण तनाव के बीच, हेगसेथ का यह कड़ा फैसला पेंटागन में बड़े प्रशासनिक फेरबदल का संकेत दे रहा है।



पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक बयान में कहा, 'जनरल रैंडी ए. जॉर्ज आर्मी के 41वें चीफ ऑफ स्टाफ के पद से तत्काल प्रभाव से रिटायर हो रहे हैं। रक्षा विभाग देश के लिए उनकी दशकों की सेवा के लिए उनका आभारी है और उनके रिटायरमेंट के लिए शुभकामनाएं देता है।' अमेरिकी सेना और रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की है कि हेगसेथ ने जॉर्ज से पद छोड़ने के लिए कहा था। उनकी जगह सेना के उप सेनाध्यक्ष जनरल क्रिस्टोफर लानेव जिम्मेदारी संभालेंगे। जनरल क्रिस्टोफर लानेव सीनेट से उनके उत्तराधिकारी की पुष्टि होने तक एक्टिंग चीफ के तौर पर काम करेंगे। हता दें, जनरल रैंडी ए. जॉर्ज सितंबर 2023 में सेना के प्रमुख बने थे, उनके पास आम तौर पर चार साल के कार्यकाल में लगभग डेढ़ साल बाकी थे। हेगसेथ के ऑफिस संभालने के बाद जॉर्ज पद छोड़ने वाले सबसे नए वरिष्ठ सैन्य अधिकारी बन गए हैं। यह बदलाव सिर्फ एक पोस्ट से कहीं ज्यादा है। रिपोर्टिंग में बताए गए रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, जॉर्ज के साथ दो और आर्मी जनरलों को भी हटा दिया गया।

## खोस्त में पाकिस्तानी हमलों पर भड़के स्थानीय लोग, नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप



**» काबुल, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के तानी जिले में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा कथित रूप से नागरिक इलाकों को निशाना बनाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। गुरुवार देर रात हुए हमलों के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

सूत्रों के अनुसार, लगातार हो रही हिंसा के चलते कई स्थानीय निवासी अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। क्षेत्र में हताहतों की भी खबरें हैं, हालांकि अब तक किसी मौत या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खोस्त के गुरबुज जिले में भी झड़पों की सूचना है।

> मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खोस्त के गुरबुज जिले में भी झड़पों की सूचना है। हाल के महीनों में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों के कारण दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, जिससे सीमा क्षेत्रों में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

हाल के महीनों में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों के कारण दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, जिससे सीमा क्षेत्रों में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

यह हिंसा ऐसे समय में हो रही है जब चीन में पाकिस्तान और तालिबान के अधिकारियों के बीच बातचीत जारी है, जिसका उद्देश्य तनाव कम करना और संभावित युद्धविराम पर सहमति बनाना है। हालांकि, जमीनी स्तर पर जारी संघर्ष ने कूटनीतिक प्रयासों की सफलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस बीच, पेशावर में आयोजित ह्यपाकिस्तान-अफगानिस्तान पीस जिरगाह्न में शामिल लोगों ने दोनों देशों की सरकारों से सीमा पर हो रही झड़पों को रोकने और विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने की अपील की है।

यह जिरगा थिंक-टैंक ह्यप्स्यार खैबर पख्तूनख्वाह्न और ह्यनेशनल रिफॉर्म मूवमेंट (कौमी इस्लाही तहरीक)ह्न के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसमें राजनीतिक, धार्मिक नेताओं, व्यापारिक समुदाय और मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिरगा के प्रतिभागियों ने संयुक्त बयान जारी कर दोनों देशों से तुरंत युद्धविराम लागू करने और तनाव कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि दोनों देश साझा धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक मूल्यों से जुड़े हैं, इसलिए युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है।

बयान में यह भी कहा गया कि दोनों देश यह सुनिश्चित करें कि उनकी भूमि का इस्तेमाल एक-दूसरे के खिलाफ किसी भी गतिविधि के लिए न हो और इस सहमति को पूरी सख्ती से लागू किया जाए। साथ ही, पारस्परिक सम्मान और समझ को स्थायी शांति की सबसे बड़ी गारंटी बताया गया।

### ईरान के हमले में प्रिंस सुल्तान हवाईअड्डे पर मौजूद अमरीकी रडार को नुकसान

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** ईरान के सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान हवाईअड्डे पर किए गए हमले में अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) के एक रडार एएन/टीपीवाई-2 को नुकसान पहुंचा है। सीएनएन ने सैटेलाइट चित्र का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। यह रडार, प्रिंस सुल्तान हवाईअड्डे पर कई चलने वाले ट्रेलरों के बीच बंटा हुआ है, अभी खुले में है। एंटीना जला हुआ लगता है और उसका एक बड़ा हिस्सा गायब है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ।

### भारत समेत नए ट्रेड डील ने अमेरिका के घाटे को कम करने में मदद की : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** अमेरिका के व्हाइट हाउस ने दावा किया है कि भारत सहित कई देशों के साथ हुए नए व्यापार समझौतों ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। यह बयान डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के एक साल पूरे होने पर जारी किया गया, जिसे प्रशासन ह्यलिबरेशन डेह्न के रूप में देखता है। व्हाइट हाउस के अनुसार, इन नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थव्यवस्था पहले से अधिक मजबूत, प्रतिस्पर्धी और सुरक्षित बनी है। प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा, 'एक साल पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ह्यफ्री ट्रेडह्न के भ्रम को खत्म कर ह्यअमेरिका फर्स्टह्न को प्राथमिकता दी। इसके नतीजे चौंकाने वाले रहे हैं, जिसमें 20 से अधिक नए व्यापार समझौते, मैन्युफैक्चरिंग में खरबों डॉलर का निवेश, दवाओं की कीमतों में कमी और व्यापार घाटे में गिरावट शामिल।

## अमेरिकी लॉमेकर्स ने ताइवान केबल्स को सुरक्षित करने के लिए पेश किया बिल

**» वाशिंगटन, यूटर्न/ 03 अप्रैल।**

चीन लंबे समय से ताइवान पर कड़ी नजर रखे हुए है। इसी बीच, अमेरिकी सीनेटरों के एक द्विदलीय समूह ने चीन से बढ़ते खतरे का हवाला देते हुए ताइवान के समुद्र के नीचे बिछे केबल और अहम बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए एक विधेयक लाने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने वैश्विक संचार और आर्थिक स्थिरता पर संभावित असर को लेकर चेतावनी भी दी। प्रस्तावित क्रिटिकल अंडरसी इंफ्रास्ट्रक्चर रेजिलिएंस इनिशिएटिव एक्ट का मकसद ताइवान को दुनिया से जोड़ने वाले जरूरी नेटवर्क की सुरक्षा के लिए मॉनिटरिंग, रिस्पॉन्स और



इंटरनेशनल कोऑर्डिनेशन को मजबूत करना है। यह बिल हाउस में रिप्रेजेंटेटिव माइक लॉलर, डेव मिन और ग्रेग स्टैंटन ने पेश किया। इसके अलावा सीनेट में सीनेटर जॉन कर्टिस और जैकी रोसेन ने भी इसे पेश किया। सीनेट में इसे पहले ही महत्वपूर्ण फॉरेन रिलेशंस कमेटी की समीक्षा प्रक्रिया से मंजूरी हासिल कर चुका है। सीनेटरों ने कहा कि यह कानून रियल टाइम में रुकावट या तोड़फोड़ का पता लगाने के लिए एडवांस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने पर केंद्रित है। इसके साथ ही यह ग्लोबल इंटेलिजेंस-शेयरिंग नेटवर्क के जरिए शुरुआती चेतावनी को बेहतर बनाता है। इसमें खराब इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करने और डाउनटाइम कम करने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल भी बताए गए हैं।

प्रतिनिधि लॉलर ने कहा, 'समुद्र के नीचे का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्लोबल कम्युनिकेशन और आर्थिक स्थिरता की रीढ़ है। जैसे-जैसे पीआरसी से खतरे बढ़ रहे हैं, अमेरिका को यह सुनिश्चित करने में आगे रहना चाहिए कि ये सिस्टम सुरक्षित, लचीले और सिक्योर रहें।' उन्होंने आगे कहा कि यह बिल तोड़फोड़ को रोकने, रुकावटों पर तेजी से जवाब देने और हिंद-प्रशांत में ताइवान और हमारे सहयोगियों के साथ मजबूती से खड़े रहने में मदद करेगा।

इस कदम में, दूसरी बातों के अलावा, ताइवान के आसपास समुद्री इलाके में जागरूकता बढ़ाने की बात कही गई है, जिसमें ताइवान स्टेट और आस-पास के पानी में अमेरिकी कोस्ट गार्ड के साथ मिलकर गश्त और निगरानी की कोशिशें शामिल हैं। इसका मकसद इलाके की मजबूती के लिए सहयोगी देशों के साथ तालमेल बढ़ाना है।

### बुल्गारिया होर्मुज को खुलवाने के लिए सैन्य अभियान में भाग नहीं लेगा: नादेज्दा नेंस्की



**सोफिया, यूटर्न/ 03 अप्रैल।** बुल्गारिया की विदेश मंत्री नादेज्दा नेंस्की ने कहा है कि उनका देश होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की मुक्त आवाजाही बहाल करने के उद्देश्य से किसी भी सैन्य अभियान में भाग नहीं लेगा। बुल्गारिया की समाचार एजेंसी बीटीए की रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्री ने यह बयान गुरुवार को ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर द्वारा आयोजित एक संयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया। वहीं दूसरी ओर, नीदरलैंड के विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन ने कहा कि नीदरलैंड शत्रुता समाप्त होने के बाद जलडमरूमध्य में मुक्त नौवहन बहाल करने के लिए सैन्य योगदान देने के लिए तैयार है। स्थानीय समाचार पत्र ह्यअल्जीमीन डैगब्लैडह्न ने श्री बेरेंडसन के हवाले से कहा, 'होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित नौवहन का इतना अधिक महत्व है कि जब दूसरे इस मुद्दे को सुलझा रहे हों, तब हम मूकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे। हम अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।' उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई स्थानों पर हमले किए थे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *